# 52 राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेताओं को खेल विभाग में मिलेगी नौकरी

## चर्चा में क्यों?

12 जनवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर ने घोषणा की कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 52 राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेताओं को खेल विभाग में रोज़गार दिया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि युवाओं को कमल क्लबों से जोड़ा जाएगा, जो 10,000 से अधिक की आबादी वाले 125 गाँवों में बनेंगे।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने यह घोषणा भारत विकास परिषद, हांसी द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर डिजिटल रूप से आयोजित रक्तदान शिविर में की।
- उन्होंने कहा कि कमल क्लब में अधिक-से-अधिक युवाओं को जोड़ा जाएगा। पहले 10,000 की आबादी वाले गाँवों पर विचार किया जाएगा, उसके बाद 8,000 की आबादी वाले गाँवों और फिर धीरे-धीरे कम आबादी वाले गाँवों में यह क्लब स्थापित किया जाएगा।
- इस क्लब का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं को खेल और अन्य सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि उनकी क्षमता, बुद्धि और शक्ति को बढ़ाया जा सके, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगी।
- स्वेच्छा से काम करने के इच्छुक युवाओं के लिये समर्पण पोर्टल बनाया गया है। अब तक यहाँ 1300 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। युवाओं को सामाजिक कार्यों में शामिल किया जाएगा, ताकि वे समाज सेवा के प्रति संवेदनशील होने के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों में शामिल होने के लिये प्रेरित हों।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिये काम कर रही है। कॉलेज से पास होने वाले युवाओं के लिये निःशुल्क पासपोर्ट बनाए जा रहे हैं, ताकि वे शिक्षा और रोज़गार के लिये विदेश जा सकें।
- राज्य सरकार युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने के अवसर भी प्रदान कर रही है, ताकि उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सके और नए रोज़गार सृजित किये जा सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/52-national-youth-award-winners-will-get-job-in-sports-department